Regarding Need to construct a Washing Pit Line at Bandikui Junction

in Rajasthan-laid

श्री मुरारी लाल मीना (दौसा) **:** यात्रियों की सुविधा और भारतीय रेलवे के कुशल संचालन के लिए बांदीकुई जंक्शन पर वाशिंग पिट लाइन का निर्माण किया जाए । बांदीकुई जंक्शन ब्रिटिशकालीन है । अभी ट्रेनों की धुलाई के लिए भिवानी पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे ट्रेनों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है । बांदीकुई रेलवे जंक्शन पर 700 बीघा से अधिक रेलवे की भूमि उपलब्ध है, जिसमें से केवल 10% का उपयोग हो रहा है । पहले, मीटर गेज लाइन के दौरान यहाँ वाशिंग पिट लाइन की सुविधा थी । यदि बांदीकुई जंक्शन पर वाशिंग पिट लाइन का निर्माण किया जाता है, तो मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों की सफाई और मरम्मत का कार्य अधिक कुशलता और तेजी से हो सकेगा जिससे समय और लागत दोनों की बचत होगी । बांदीकुई एक कस्बा होने के कारण रेलवे को अपने कर्मचारियों को सिटी अलाउंस देने की आवश्यकता नहीं होगी । इसके अलावा, वाशिंग पिट लाइन की सुविधा उपलब्ध होने से ट्रेनों की संख्या में वृद्धि होगी, जिससे यात्रियों को जयपुर, आगरा, दिल्ली, मुंबई और अन्य बड़े शहरों के लिए अधिक ट्रेनों की सुविधा मिल सकेगी । यह निर्णय पूर्वी राजस्थान के कई जिलों की जनता के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा और रेलवे के संचालन को अधिक प्रभावी एवं कुशल बनाएगा ।